हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–96 : जौनपुर, मंगलवार 31 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## गोरखपुर में त्रिस्तरीय होगा राष्ट्रपति का सुरक्षा घेरा : रहेगा नो फ्लाइंग जोन

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर गीता प्रेस शताब्दी वर्ष समारोह में चार जून को शामिल होने आ रहे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का सुरक्षा घेरा त्रिस्तरीय होगा। सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया गया है। गीता प्रेस और गोरखनाथ मंदिर के आसपास बने सभी मकानों में रहने वालों का पुलिस–एलआईयू सत्यापन कर रही है। इसके अलावा, वहां पर बने धर्मशाला, होटल वालों से भी जानकारी मांगी गई है। राष्ट्रपति के रहने के दौरान पांच किलोमीटर का इलाका नो–फ्लाइंग जोन रहेगा। ड्रोन, पतंग, गुब्बारा उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। पुलिस प्रशासन ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम भी मांगी है। जानकारी के मुताबिक, त्रिस्तरीय में से पहले घेरे में पुलिस और पैरामिलिट्री की तैनाती होगी। दूसरे लेयर में एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां होंगी। तीसरे घेरे में राष्ट्रपति सिक्योरिटी और पुलिस अफसर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को देखते हुए एलआईयू सक्रिय हो गई है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए रूट पर तैयारी शुरू कर दी गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी रूट बनाया जाएगा। इस रूट के सभी जगहों पर सुरक्षा कर्मचारियों की तैनाती होगी। आवश्यकतानुसार सुरक्षा कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। उधर, कार्यक्रम के दो दिन पूर्व होटल, सराय और अन्य जगहों की चेकिंग करके संदिग्धों की तलाश की जाएगी। सुरक्षा में रहेगी इतनी फोर्स एसपी – 11 एएसपी – 11 डीएसपी – 35 कांस्टेबल – 2000 पीएसी – 10 कंपनी ट्रैफिक पुलिस – 250 फायर ब्रिगेड, बीपी व्हीकल सहित अन्य सुरक्षा उपकरण एटीएस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने कहा कि राष्ट्रपति का सुरक्षा घेरा त्रिस्तरीय होगा। गोरखनाथ



मंदिर और गीता प्रेस के आसपास के घरों में रहने वालों का सत्यापन कराया जा रहा है। होटल, सराय को निर्देशित किया गया है, वह रोजाना ठहरने वालों की जानकारी पुलिस को देंगे। सेफ हाउस बनाने की तैयारी में जुटा स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रपति के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल और सीएम भी मौजूद रहेंगे। विभाग तीनों वीवीआईपी के लिए सेफ हाउस तैयार करेगा। वीवीआईपी मूवमेंट में फ्लीट के लिए वेंटीलेटर युक्त एंबुलेंस और सामान्य एंबुलेंस भी रहेगी। विभागीय सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति एयरपोर्ट पर आएंगे। वहां से वह गीता प्रेस और गोरखनाथ मंदिर जाएंगे। ऐसे में इन तीनों जगहों पर सेफ हाउस बनाया जा सकता है। इसके अलावा जिला अस्पताल, एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भी सेफ हाउस और रेफरल सेंटर बनेगा। बताया जा रहा है कि विभाग, शासन से कार्यक्रम की आधिकारिक सूचना के पत्र का इंतजार कर रहा है। इसके बाद सेफ हाउस बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## "मां बेलावती जू0हा0 सब्बेपुर जौनपुर" में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एक्शन प्लान 2022–23 के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल की अनुमति से "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" व विभिन्न विषयों पर सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 31 मई 2022 को "मां बेलावती जू0हा0 सब्बेपुर जौनपुर" में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत विधिक जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते हुए उपस्थित जनमानस को सर्वप्रथम संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया गया। जागरूकता शिविर में "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" पर लोगों को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल दुनिया भर में लगभग 80 लाख लोग तंबाकू के सेवन से होने वाले रोगों की वजह से मौत के मुंह में चले जाते है। तम्बाकू सेवन तथा अन्य मानक पदार्थो के सेवन से होने वाले खतरे से बचने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति अपने अंदर स्वयं से इसके सेवन को निषेधित करने की शपथ ले एवं दृण इच्छाशक्ति उत्पन्न करें। इस अवसर पर ट्रांसजेंडर वेलफेयर के विषय पर बात करते हुए सचिव द्वारा बताया कि ट्रांसजेंडर के बारे में बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने लिंग के तीसरे वर्ग के रूप में ट्रांसजेंडर को मान्यता दी है, इसके साथ किन्नरों की ऐसा दर्जा देने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर को शिक्षा एवं स्वास्थ्य देखभाल सुविधाऍं मुहैया कराने के लिए केन्द्र एवं राज्यों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सामाजिक रूप से पिछड़ा समुदाय है, उन्हें आरक्षण दिया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 21 का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रांसजेंडर देश के नागरिक हैं और शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक स्वीकार्यता पर उनका समान अधिकार है। लैंगिक समानता के बारे में भी



जानकारी देतु हुए यह बताया गया कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने एवं गिरते हुए लिंगानुपात को नियंत्रित करने के लिए PCPNDT Act लाया गया है। जिसके तहत लिंग निर्धारण अथवा लिंग चयन हेतु जॉच कराने पर सख्त कार्यवाही का प्रावधान है। वरिष्ठ नागरिकों के विषय पर बताते हुए सचिव द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना, वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षा एवं सम्मान संबंधी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी बताया गया कि बुजुर्गो की संपत्ति के उत्तराधिकारी से वरिष्ठ जन अपना भरण–पोषण प्राप्त कर सकते है। वृद्धजनों के लिए नेशनल हेल्प लाइन फार सीनियर सिटीजन टोल फ्री नम्बर 14567 के बारे में अवगत कराया साथ ही पारिवारिक विवादों के प्री–लिटिगेशन स्तर पर आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सदर अजीत जायसवाल द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक तंबाकू संकट और महामारी से होने वाली बीमारियों और मौतों के बढ़ते मामलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गयी। तहसील स्तर से संचालित राज्य की योजनाओं एवं उनका लाभ प्राप्त करने के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे बताया तथा बच्चों के शिक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अखिलेश यादव, ग्राम प्रधान राजीव कुमार यादव व अन्य अध्यापकगण, बच्चे एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## गांवों तक फैलीं भ्रष्टाचार की जड़ें

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गांवों के विकास पर केंद्र सरकार कुछ ज्यादा फोकस कर रही है। इसके तहत हर घर में शौचालय की सुविधा देना, घरों को पक्का करना, नल के जरिये जल पहुंचाना, सड़क, सिंचाई, पढ़ाई और दवाई की सुविधा पहुंचाना है। लेकिन, इसकी आड़ में भ्रष्टाचार होने की खबरें भी सामने आ रही हैं। ग्राम विकास योजनाओं में करप्शन का दीमक तेजी से फैल रहा है। भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि इस संबंध में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और खुद प्रधानमंत्री के नाम रोजाना सैकड़ों शिकायतें आती हैं। शिकायतों में बताया जाता है कि किस तरह से प्रधान, सरपंच, सचिव व रोजगार सेवक के अलावा तहसील–ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार का गठजोड़ बना हुआ है। उनका दिल्ली तक सरकारी धन के बंदरबांट करने को लेकर आपसी तालमेल बड़ा मजबूत है। सबका हिस्सा निर्धारित होता है। उनके द्वारा किए जाने वाले भ्रष्टाचार की कोई शिकायत करने की हिम्मत भी करता है तो वह लोग शिकायतकर्ता को फर्जी मामले में फंसा देते हैं। बिना घूस खाए ये भ्रष्टाचारी कीड़े किसी को पक्का मकान, सड़कें, शौचालय आदि सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं लेने देते।राज्य सरकारों को ऐसी खबरें रोजाना मिल रही हैं जिसमें यह बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए वितरण किए जाने वाले धन पर गांव के प्रधान और तहसील स्तर के ब्लॉक अधिकारी मिलकर डकार रहे हैं। गांव में सड़कें बननी हों या शौचालय सभी में इनका कमीशन तय होता है। हालांकि सरकारों ने इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कुछ साल पहले एक तरीका खोजा था। जरूरतमंद लोगों को पहले पैसा नकद दिया जाता था, जिसमें प्रधान–सचिव अपना हिस्सा पहले ही निकाल लेते थे। लेकिन बाद में इस धन को सीधे बैंक खातों में भेजा जाने लगा। लेकिन इसमें भी प्रधान–सचिव ने सेंध लगा दी। गांव के लोग जब बैंकों में पैसा निकालने जाते हैं तो वहां पहले से प्रधान–सचिव के आदमी मौजूद होते हैं। वे पैसा हाथ में आते ही अपना हिस्सा निकाल लेते हैं। कई शिकायतें ऐसी भी सामने आई है कि बैंक के कर्मचारी भी इस भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। वह प्रधान–सचिव को बता देते हैं कि विकास योजनाओं का पैसा आ गया है। इससे काम आसान हो गया है।गांव के विकास के नाम पर लूटा हुआ धन गांव के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक पर पंचायत कर्मचारियों के घरों में खूब चमक रहा है। जिन प्रधानों के घर प्रधान बनने से पहले कच्चे थे, प्रधान बनने के बाद चमाचम चमक रहे हैं। जिन रोजगार सेवकों के पास साइकिल तक नहीं हुआ करती थी, वह कारों से चल रहे हैं। ऐसी तस्वीरों को देखने के बाद ही पता चलता है कि पंचायतों में भ्रष्टाचार किस स्तर पर हो रहा है। हुकूमतों को इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि बड़े भ्रष्टाचार के केसों की तरह गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## बाल विवाह जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : अध्यक्ष जिला पंचायत जौनपुर श्रीमती श्रीकला धनंजय सिंह की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की उपस्थिति मे जिला बाल संरक्षण समिति जौनपुर/बाल विवाह जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी अभय कुमार द्वारा पिछली बैठक अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई तत्पश्चात एजेंडे के निर्धारित बिंदुओं को रखा गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना/मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य का लाभ प्राप्त कर रहे बच्चों की सत्यापन रिपोर्ट अभी तक नहीं आ पाई है जिस पर मा0 अध्यक्ष द्वारा सत्यापन रिपोर्ट तत्काल मंगवाए जाने हेतु जिलाधिकारी से अपेक्षा की। जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 127 लाभार्थियों के लाभान्वित किए जाने की जानकारी दी, जिस पर अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाल सेवा योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये इसके सम्बन्ध में जनपद के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स लगायी जाय। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी उप जिलाधिकारी एवं सभी खंड विकास अधिकारियों को जिलाधिकारी की तरफ से पत्र प्रेषित कराया जाए और पात्र बच्चों को चिन्हित करते हुए उनका आवेदन पत्र स्वीकृत कराया जाए। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान की समीक्षा की गई और औषधि निरीक्षक जौनपुर से जिलाधिकारी ने मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की जानकारी ली जिस पर औषधि निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि शहरी क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों को सीसीटीवी कैमरा लगवाने जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी लगवाए जाने हेतु निर्देश दिया। प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक के सभी सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों के अध्यापकों को नशे से दूर रहने हेतु निर्देशित किया जाए एवं यह सुनिश्चित किया जाए अध्यापकों के साथ कार्य करने वाले अन्य कर्मचारी एवं कोई भी आम नागरिक विद्यालयों में गुटका, पान, बीड़ी, सिगरेट के साथ प्रवेश न करने पाए। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी इस हेतु एक टीम बनाएं और अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए कार्यवाही करे। सभी विद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी दुकान पर कोई मादक पदार्थ या गुटका, पान, बीड़ी, सिगरेट या अन्य की बिक्री नहीं की जाएगी साथ ही जिले में 18 साल से कम के बच्चों को गुटका, पान, बीड़ी, सिगरेट इत्यादि तमाकू पदार्थ की बिक्री नहीं होगी। अगर कोई ऐसे बिक्री करते हुए पाया जाता है तो उसका चालान किया जाएगा। माननीय अध्यक्ष द्वारा चाइल्ड लाइन की समीक्षा की गई एवं निर्देश दिया गया कि चाइल्ड लाइन नंबर का व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाये। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में चाइल्डलाइन नंबर अंकित हो। विद्यालय की बसों के पीछे भी चाइल्डलाइन नंबर अंकित किया जाए। मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया वन स्टॉप सेंटर जौनपुर के सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देशित किया गया की मानक के अनुसार पुलिस बल की तैनाती की जाए। बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने सभी को निर्देशित किया कि माननीय अध्यक्ष के जो निर्देश सभी को प्राप्त हुए हैं उसका अनुपालन तत्काल पूर्ण कराया जाए। मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत जी द्वारा कहा गया कि महिलाओं एवं बच्चों को योजनाओं का लाभ दिया जाए, उन्हें सुरक्षित विकसित समृद्ध किया जाए। उनके लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं एवं इस हेतु अगर कोई परेशानी होती है तो जिला पंचायत जौनपुर भी बालकों हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा नामित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी रामप्रकाश, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अमरदीप जायसवाल, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा आशीष श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मानसिंह, सहायक श्रम प्रवर्तन अधिकारी आरके पाठक, सदस्य बाल कल्याण समिति चंद्र भूषण सिंह, सदस्य बाल कल्याण समिति डॉ उमाशंकर सिंह, सदस्य बाल कल्याण समिति डॉ विनय सिंह, सदस्य बाल कल्याण समिति माधुरी गुप्ता, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड अंजू पाठक, बाल सुरक्षा सलाहकार यूनिसेफ रिजवाना परवीन, प्रभारी विशेष किशोर पुलिस यूनिट अनीता सिंह, जिला समन्वयक टाइमलाइन राजकुमार पांडेय, डॉ सुरेश वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट सहित जनपद के समस्त विकास खंडों में गरीब कल्याण सम्मेलन का हुआ आयोजन : सम्मेलन का किया गया सजीव प्रसारण

जौनपुर सू.वि. : गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम के अंतर्गत देश व प्रदेश स्तर पर मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी का विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का आयोजन जनपद के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन, कलेक्ट्रेट सभागार सहित समस्त विकास खण्ड सहित कृषि विज्ञान केंद्र अमहित एवं बक्शा में किया गया। इस दौरान 15 योजनाओं के 500 लाभार्थियों को योजनाओं का स्वीकृति प्रमाणपत्र मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद सीमा दृवेदी एवं कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला द्वारा वितरित किया गया। समस्त विकासखंडों में जनपद की विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि के सैकड़ों लाभार्थियों ने माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय मुख्यमंत्री जी के विभिन्न जनपदों के लाभार्थियों से किये गए संवाद कार्यक्रम/उद्बोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। इस कार्यक्रम में आए हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का जिलाधिकारी ने आभार व्यक्त



किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों एवं अधिकारियों को जो लक्ष्य दिए गए हैं उन्हें समय से पूर्ण करें गांव–गांव तक विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का प्रचार–प्रसार करें ताकि अधिकाधिक लोग इन योजनाओं का लाभ ले सके। कार्यक्रम का संचालन डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव एवं अपर जिला कृषि अधिकारी डॉ रमेश चंद्र यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, डीसीएन आर एल एम, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार सहित अन्य विभाग के विभागाध्यक्ष सहित सैकड़ों लाभार्थी उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर सरकारी स्कूल के मार्ग की हुई पैमाइश

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत खजुरी मिर्जापुर में डीएम के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय को जाने वाले मुख्य मार्ग की पैमाइश कराई गई।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रईस अहमद खान ने बताया कि प्राइमरी स्कूल को जाने वाला मुख्य मार्ग काफी समय से अवरुद्ध था।जिसे ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत बनवाया जा रहा था जिसे गांव के ही निवासी युसूफ खान पुत्र रफी खान द्वारा रोका जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान कमर जहां ने विगत संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी नीतीश कुमार के समक्ष की किया था।जिसके अनुपालन में एसडीएम मिल्कीपुर दिग्विजय प्रताप सिंह ने टीम गठित कर पुलिस बल की मौजूदगी में प्राथमिक विद्यालय खजुरी मिर्जापुर को जाने वाले चकमार्ग गाटा संख्या 521 की नाप कराई गई। पैमाईश करने वालों में राजस्व विभाग की ओर से लेखपाल वेद प्रकाश वर्मा,राहुल यादव समेत अन्य लेखपाल व चौकी प्रभारी बारुन बाजार दल बल के साथ मौजूद रहे।इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी विकास यादव,मोहम्मद फारुख खान, निरंकार पाठक, शेषमणि, शीबू, मनीष यादव समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आर 9 न्यूज के पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आइडियल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (इजा) के द्वारा आयोजित गोष्ठी के दौरान आर 9 न्यूज चैनल व देश की उपासना हिंदी दैनिक पेपर



के जिला प्रतिनिधि विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक को पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्ष रूप से कार्य करने के लिये इजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष–डॉ. प्रमोद वाचस्पति राष्ट्रीय संरक्षक– श्याम नारायण पांडे, डॉ.सी.डी. सिंह ने सम्मानित किया। विश्वप्रकाश श्रीवास्तव द्वारा आइडियल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन केराष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव,संपादक और पत्रकार भाइयों को सहृदय से धन्यवाद देता हूं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जन्म सभी का सामान्य होता है, लेकिन अच्छे कर्मों से मृत्यु को ऐतिहासिक बनाया जा सकता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी : सरस्वती के अनूठे संपादक का स्मरण

पिछली सदी के पूर्वार्द्ध में अपनी कहानियों और निबंधों से हिंदी साहित्य को नई दिशा देने वाले पदमुलाल पुन्नालाल बख्शी की इसी 27 मई को 128 वीं जयंती थी। महावीर प्रसाद द्विवेदी ने उन्हें प्रतिष्ठित सरस्वती पत्रिका का संपादक नियुक्त किया था।

पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के लेखन का भूगोल खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) से उत्तर प्रदेश की साहित्यिक राजधानी इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के मार्फत सारे हिंदी जगत में फैला। डायरी विधा या ठर्र बुद्धिजीवी गद्य या कथा विधा या कथा–आलोचना या कथा–निबंध हो। मास्टरजी उस दुनिया के एक उद्धारक थे। पोस्टकार्ड पर आवेदन क्या कर दिया, सरस्वती के संस्थापक संपादक आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी उन्हें संपादक नियुक्त करने इलाहाबाद स्टेशन पर स्वागत करने आ गए।

छत्तीसगढ़ के माधवराव सप्रे की कहानी टोकरी भर मिट्टी हिंदी की पहली कहानियों में कही जाती है। मुकुटधर पांडेय और बख्शी जी ने छायावादी काव्य और गद्य में पहली दस्तकों में शामिल होने का श्रेय प्राप्त किया। उनके निबंधा पढ़ने से कहानी झांकने लगती है। कहानी की उंगली पकड़कर चलने से कविता की तरलता महसूस होती है। फिर विचार ही विचार झकझोरते लगते हैं। फिर पाठक निबंधा के ठौर पहुंच जाता है। बख्शी जी की कलम साहित्य के नियामक मूल्यों, नए प्रयोगों और लेखन की ताकत का प्रामाणिक और स्वीकार्य ईंधन बनी। बख्शी जी की भाषा शास्त्रीय, अलंकारिक, टकसाली या पंडिताऊ किस्म की ठर्र नहीं है। वह आमफहम, चुस्त, तरल और तराशी हुई है।

बख्शी जी की सोच पूरे विश्व और भारत को अपनी परिधिा में समेटती है। हिंदी के स्वनामधन्य आलोचक शायद अतिरिक्त उत्साह में बख्शी जी को हिंदी का ए. जी. गार्डिनर कह देते हैं। गार्डिनर लेकिन–अंग्रेजी के बख्शी नहीं हैं। बख्शी जी हिंदी गद्य के जोसेफ एडिसन हैं, हालांकि उसका रूपांतरण नहीं। बख्शी जी में कबीर के तेवर नहीं, लेकिन नस्ल का वैचारिक फक्कड़पन और गांधी की तरह की आर्द्र मानवीय गरिमा है।

बख्शी जी ठंडे रचनाकार नहीं थे। उनमें जीवंत मनुष्य बैठा हुआ है। जोखिम उठाने में बख्शी जी ने स्थापित आचार्यों का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने की जरूरत नहीं समझी। उन्हें मालूम था अंग्रेजी बौद्धिक अवधारणाओं की भाषा है। इसलिए उन्होंने अंग्रेजी में खूब पढ़ा। बौद्धिकता की जाति, धर्म, या लिंग नहीं होते। भाषा की जाति होती है और जाति की भी भाषा होती है–तत्सम या तद्भव शब्द हों, या भाषा की लाक्षणिकता हो, अभिधा या व्यंजना हो।

बख्शी जी ने अपने समकालीनों के मुकाबले पहाड़ी नदी–सी बहती हिंदी के बीसवीं सदी के दूसरे, तीसरे, चौथे दशक में भाषा का परिष्कार किया। वह आज भी समकालीन लगती है। इसलिए आलोचक बख्शी रामचंद्र शुक्ल जैसे शलाका पुरुष के बरक्स यह कहने का साहस संजो सका कि जो कविता का सैलाब आया है, वह रहस्यवाद नहीं, अपने रोमेन्टिसिज्म के कारण स्वच्छंदतावाद है। पोस्टकार्ड पर सरस्वती की संपादकी ऐसा ही जोखिम उठाने से मिलती है।

धनंजय वर्मा ठीक कहते हैं, कथा–आलोचना की जिस विधा को समुन्नत करने का ढोंग बहुत से आलोचक पाले हुए हैं, उस विधा की शुरुआत मास्टरजी के शिल्पी हाथों ने की है। कमलेश्वर तो बख्शी जी पर फिदा रहे हैं। ललित निबंधकार के रूप में बख्शी का अप्रतिम योगदान है। अग्रणी ललित निबंधकार रमेशचंद्र शाह इस विधा में बख्शी जी को गुरु मानते हैं। उनके निबंध एक साथ चन्द्रकान्ता–सन्तति, गोदान, छोटी बहू और अरे यायावर रहेगा याद के सम्मिश्रण का घोल हैं।

उनके विषाल जखीरे की कई कहानियां अपने भ्रूण में हेनरी जेम्स, वर्जीनिया वुल्फ और जेम्स जॉयस की कहानियों की याद दिलाती हैं। उन कहानियों की वय बढ़ते–बढ़ते न केवल शैली बदल जाती है, परंतु प्रयोजनीयता भी। बख्शी जी कई मायनों में प्रगतिशील विचार रखते थे, तो पुरातनपंथी हिंदू भी थे। सामाजिक वर्जनाओं, जड़ताओं और वहशी प्रथाओं के विरुद्ध मास्टरजी ने जगह–जगह और समय–समय पर कुछ न कुछ लिखा है। वहीं दूसरी ओर अनेक ऐसे संस्मरण–उद्धरण मौजूद हैं, जब उन्होंने सामाजिक व्यवहार के यथास्थितिवाद का पोषण भी किया है।

बीसवीं सदी का पूर्वार्द्ध भारत के लिए खलबली का समय रहा है। दो विश्वयुद्धों के अतिरिक्त भारतीय आजादी की लड़ाई का यही कालखंड है। बख्शी जी का शुरुआती लेखन प्रथम विश्वयुद्ध के साथ–साथ शुरू हुआ। उनका प्रौढ़ लेखन दूसरे विश्वयुद्ध के समय परवान चढ़ा। सत्रह वर्ष की उम्र में लिखी कहानी सोना निकालने वाली सीपियां और भाग्य से प्रभावित महावीर प्रसाद द्विवेदी ने उन्हें आमंत्रित किया। पंचपात्र, झलमला, कथाचक्र, मोटर स्टैण्ड, बंदर की शिक्षा, हिंदी साहित्य जैसी कुछ बड़ी सीपियों में मोती मिलते हैं। लगभग 1935 तक के अपने लेखन को वह मौलिकता और प्रौढ़ता के अभाव के कारण बहुत निर्ममतापूर्वक खारिज कर देते हैं।

अपने एक दर्जन निबंध छांटकर छपाना चाहते थे। बख्शी जी लेखन को पार्ट टाइम गतिविधि नहीं, पूर्णकालिक जीवन प्रयोजन मानते थे। यह प्रगतिशील फतवा है कि बख्शी जी बौद्धिक किस्म के लेखक नहीं थे। जिस व्यक्ति ने अपने स्कूली जीवन से लेकर आखिरी सांस तक देश के इने गिने पढ़ाकुओं के बीच सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया, उसकी अध्यवसायिता को लेकर सवाल खड़े नहीं किए जाने चाहिए। यह अलग बात है कि जो कुछ उन्होंने लिखा उससे वैचारिक सहमति जरूरी नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सरकार प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है: अजय

आर एल पाण्डेय लखीमपुर। जिला समन्यवक रामू जी स्वदेशी ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान की एक कार्यशाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि अजय स्वदेशी क्षेत्रीय संगठक स्वदेशी जागरण मंच ने बताया कि भारत को कैसे स्वावलंबी बनाना है प्राकृतिक खेती कैसे गो मूत्र और गोबर द्वारा खाद का निर्माण कर के प्राकृतिक संसाधनों द्वारा आधारित कृषक अपनी खेती करे और स्वदेशी व स्वावलंबन की ओर युवाओं के साथ भारत को बीपीएल मुक्त 100: रोजगार विकेंद्रीकरण आदि मुख्य उद्देश्य के विषय में बताया। इस कार्यशाला में अपने मंझरा फार्म से कृषि वैज्ञानिक डॉ निरंजन लाल ने खेती के विषय में बताया और सरकार किस तरह प्राकृतिक खेती प्रोत्साहित कर रही है।जिला उद्योग के सहायक प्रबंधक देवराज ने सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिए कौन कौन सी योजनाएं चला रही है।सरकार द्वारा किस योजना में कितना ऋण प्रदान किया जा रहा है और सरकार ऋण पर कितना अनुदान दे रही है सब विस्तृत से समझाया जैसे प्रधानमंत्री सदन रोजगार योजना एवं सेवा के क्षेत्र में तथा मुख्यमंत्री रोजगार योजना हुआ। ओ. डी. ओ. पी. एक जनपद एक उत्पादन के क्षेत्र में किस प्रकार से सरकार ऋण प्रदान कर रही है। इन योजनाओं के विषय में सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र लखीमपुर ने विस्तृत से सभी को बताया उसके उपरांत खादी ग्रामोद्योग अधिकारी के सहायक विकास अधिकारी संजय कुमार सक्सेना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है उसके विषय में बताया जैसे महिलाओं के द्वारा अचार कशीदाकारी एवं आटा चक्की कोलू राइस




मिल आदि के लिए सरकारी ऋण उपलब्ध कराती है प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना में सरकार 100000 से 25 लाख तक का रोने देती है सेवा क्षेत्र में एक लाख से दस लाख का ऋण दिया जाता है और जिसमें से सरकार 35 परसेंट तक अनुदान भी देती है और विभाग 3 साल तक ब्याज स्वयं देता है। मुख्यमंत्री रोजगार योजना एक लाख से दस लाख तक का ऋण दिया जाता है इस योजना का ब्याज 5 साल तक विभाग देता है और कुम्हारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक माटी कला योजना उद्योग भी चलाया जा रहा है जिसमें सरकार द्वारा एक लाख से दस लाख तक ऋण दिया जाता है जिसमें 25 परसेंट अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है। स्वावलम्बी भारत अभियान कार्यक्रम की प्रांत सह समन्वयक डॉ. अंशु, जिला सह कार्यवाह अमरेश, जिला सह समन्वयक डॉ. डी एन मालपानी , सह समन्वयक रमेशचंद्र मिश्रा, सह समन्वयक पियूष अग्रवाल, सह समन्वयक उमा राज , डॉ. अमित वर्मा, प्राकृतिक खेती प्रान्त संयोजक मुरलीधर वर्मा, आर के सिंह ,विनीत गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, कृष्ण मोहन, पुरुसोत्तम, विनय गुप्ता, विपुल सेठ , मधुलिका त्रिपाठी,पंकज जायसवाल, अन्नू तिवारी, सुनील जायसवाल, रेणुका टंडन आदि कार्यकर्ता अपस्थित रहे।

## प्रतिभाशाली युवाओं के लिए प्रवक्ता बनाएगी कांग्रेस : हमाम वहीद

मृत्युन्जय प्रताप सिंह बाराबंकी : आज यहां जिला कांग्रेस मुख्यालय बारा बंकी में आयोजित प्रेसवार्ता में युवा कांग्रेस द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन–2 राष्ट्रीय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का विमोचन करने आए कार्यक्रम के प्रभारी प्रवक्ता श्री हम्माम वहीद ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि ''यंग इंडिया के बोल'' केवल एक भाषण प्रतियोगिता नहीं हैं बल्कि यह अभिव्यक्ति का मंच है। जिस दौर में सरकार लोगों की बोलने की स्वतंत्रता छीनने का काम रही उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मंच व अवसर प्रदान कर रही हैं। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण जैसे अनेकों ज्वलंत मुद्दे हैं परंतु सरकार अपनी विफलताओं एवं निकम्मेपन को छुपाने के लिए इन मुद्दों पर चर्चा व बहस करने के बजाय जनता को फिजूल के मुद्दों में उलझाकर उनका ध्यान भ्रमित करने का काम कर रही हैं। ऐसे में यह मंच देश के युवाओं की मुखर आवाज बनेगा। यह श्री राहुल गांधी जी का ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। देश के आम युवाओं के वक्तव्य कौशल को बढ़ावा देना व उन्हें राजनीति की मुख्यधारा से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य व उद्देश्य हैं। हमाम वहीद ने कहा प्रतियोगिता चार स्तर पर आयोजित होगी पहले विधान सभा फिर जिला उसके बाद प्रदेश और राष्ट्रिय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा प्रतियोगिता में हिन्दी अंग्रेजी उर्दू सहित स्थानी बोली भाषा में वक्त हिस्सा ले सकेंगे आवेदन



के लिए 100 रु का शुल्क देना होगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सिकंदर रिजवी ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए युवाओं में मौजूदा चुनौतियों से लड़ने की क्षमता विकसित होगी और वह उन चुनौतियों के बारे में मुखर होकर जनमानस के बीच अपनी बात रखेंगे। इससे समाज में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और आम जनमानस जनविरोधी सरकार की जनविरोधी नीतियों का जोरदार विरोध करेंगे। सिकंदर रिजवी ने कहा कि युवा कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे 'यंग इंडिया के बोल' कार्यक्रम में युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने व इस प्लेटफार्म के जरिये युवाओं में उनकी सोच को उभारने का सबसे प्रभावशाली कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में युवाओं को उनकी क्षमता और दक्षता को आम जनमानस के बीच उजागर करने का न सिर्फ मौका मिल रहा है बल्कि इससे अतीत और वर्तमान के बीच जो लोकतंत्र को मजबूत करने की कड़ियां रही हैं उसे जानने और समझने का उत्कृष्ट मौका है। प्रदेश महासचिव शकील अंसारी ने कहा निःसंदेह युवाओं की बेहतरी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि सभी युवाओं को इस कार्यक्रम को प्रभावशाली तरीके से आयोजित करने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए ताकि आज देश के सामने जो चुनौतियां हैं उसे युवा वर्ग समझ सके और उन चुनौतियों का सामना किया जा सके। जिला कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से सिकंदर रिजवी सुभम बाल्मिकी, रवि बाल्मिकी,महेश यादव, रामू यादव,सत्यम वाल्मीकि, शेबू खान, जैद खान, शौकत मिया आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित टेली लॉ प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी समस्याओं का कॉमन सर्विस सेंटर पर किया जा रहा निवारण

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : सी0एस0सी0 ई0 गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लि0 एवं न्याय विभाग/राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित टेली लॉ प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी समस्याओं का निवारण कॉमन सर्विस सेंटर पर किया जा रहा है। टेली लॉ उद्देश भारत सरकार के न्याय विभाग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत कानूनी प्रक्रिया को आमजन तक आसानी/सुगम तरीके से पहुंच सके। अभी तक लोगों को कानूनी सलाह प्राप्त करने के लिए वकील के पास जाने की जरूरत होती थी । इसको देखते हुए केंद्रीय न्याय विभाग ने सीएससी ई– गवर्नेस सर्विसेज इंडिया लि० के माध्यम से इस योजना को लागू किया है । जिसमें सूचना और संचार तकनीकी का इस्तेमाल करके एक्सपर्ट वकील और जरूरतमंद हितग्राहियों के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा दूरभाष के माध्यम से संवाद कराया जा रहा है, टेली लॉ योजना को वर्ष अप्रैल 2017 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया था, अच्छे परिणाम को देखते हुए इसे उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में वर्ष 2020–21 में लागू कर दिया गया है। प्रदेश के समस्त जनपदों में अधिंकाशं ग्रामीण क्षेत्रों में सी0एस0सी0 सेन्टर प्रभारी के माध्यम से जिनको घरेलू हिसां, भूकृमाफिया, उत्पीड़न आदि के सम्बन्ध में कानूनी सलाह की आवश्यक्ता होती है, परन्तु संसाधान एवं अज्ञानता के कारण वे अपने अधिकारों से वंचित रहती ।रहतें है। इन्ही समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत टेलीकृ लॉ न्याय विभाग ।विधि न्याय मत्रांलय द्वारा संचालित एक ऐसी परियोजना है, जो इन्ही वंचित एंव शोषित लोगों को कानूनी सलाह उन्के द्वार तक पहुचाता है।

## पैसा नहीं तो खनन नहीं : हल्का दरोगा व सिपाही संरक्षण में फल फूल रहा अवैध कारोबार का गोरख धंधा

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जनपद के इमानदार कप्तान कि छवि बिगाड़ने में खजनी में तैनात हल्का नम्बर चार के दरोगा कोई कसर नही छोड़ रहे है । उत्तर प्रदेश शाशन के सख्त निर्देश के बावजूद खजनी थाना में किसी भी हाल में खनन पर अंकुश नही है , खजनी थाने में तैनात हल्का नंबर 4 के दरोगा अरविंद राय व सिपाही खुलेआम खनन करवा रहे हैं। इतना ही नहीं खुलेआम गांजे की बिक्रेताओं पर उनका संरक्षण प्राप्त है , ।और महावारी सुविधा शुल्क लेकर अपने जेब गर्म रहे हैं ।क्षेत्र के अनेक संभ्रांत लोगों ने साहस जुटा कर बताया कि साहब रात को सोना दुभर हो गया है, अवैध खनन करने वाले ट्रेक्टर वे रोकटोक के चलते हैं ।और नहीं अश्लि गानों को तेज ध्वनि में बजाते हैं। जिसेसे रात मै सोना दुभर हो जाता है । साथ ही पढ़ने वाले बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। लोगों ने शिकायत किया तो दरोगा जी ने कहा कि मै खुद ही ट्रांसफर चाहता हूं । शाम ढलते ही हल्का दरोगा व सिपाही रंगीन मिजाज में इनससमज पर सवार होकर निकलते है, तो शरीफ आदमी को अपमानित करने से बाज नहीं आते इनके इस कृत्य से शासन प्रशासन के साथ साथ पुलिस विभाग की जिम्मेदार अधिकारियों की छवि धूमिल हो रही है।

## अंत्येष्टि स्थल निर्माण में भी कर डाला खेल : ठेकेदार ने मुर्दों को भी नहीं बख्शा

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) कहते हैं कि शव यात्रा में शामिल लोग जब अंत्येष्टि स्थल में कुछ पल बिताते हैं तो उनको आभास होता है कि जिस मोह माया के चक्कर में हम पड़े हैं वह यहीं पड़ा रह जाएगा। इसलिए हाय तौबा की क्या जरुरत है लेकिन कस्बे में मीरा गैस गोदाम के निकट पिहानी–गोपामऊ मार्ग पर बन रहे अंत्येष्टि स्थल ठेकेदार ऐसे हुए हैं जिन्होंने अंत्येष्टि स्थल का घटिया निर्माण शुरू कर धन का ही बंदरबाट कर लिया। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर पालिका परिषद चेयरमैन जमाल साजिद चांद ने तत्परता दिखाते हुए मामले को तत्काल संज्ञान लिया और सभासद राजीव गुप्ता को मौके पर भेजकर घटिया निर्माण को गिरवा दिया। हम बात कर रहे हैं बनने वाले अंत्येष्टि स्थल की। शासन की मंशा थी कि क्षेत्र में खेत, खलिहान में जलाए जाने वाले शवों से फैलने वाले प्रदूषण को रोकने और लोगों को शवदाह के लिए बेहतर व्यवस्था देने को अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाए। अत्याधुनिक अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए सरकार ने धानराशि भेजना शुरु किया ।निर्माण अभी तक पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य है कि शासन ने जो मानक निधारित किए थे उन पर एक भी अंत्येष्टि स्थल खरा नही उतर रहा है। एक दो को छोड़ दें तो किसी का निर्माण भी पूरा नहीं है। लगभग 42 लाख 62 हजार रुपये से हो रहे अंत्येष्टि स्थल पर निर्माण कार्य को जनता की खराब गुणवत्ता की शिकायत पर नपाप अध्यक्ष के बाद ढहा दिया गया व ठेकेदार को अच्छी गुणवत्ता का कार्य



करने के निर्देश दिए गए। कस्वे के गोपामऊ चुंगी के निकट हो रहे अंत्येष्टि स्थल पर खराब गुणवत्ता के कार्य को लेकर सोमवार को एक अंत्येष्टि में गये तमाम लोगो ने इंटरनेट मीडिया के जरिये अपनी शिकायते की थी जिसके बाद लोगो की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष नपाप मो. जमाल ने नगर पालिका के कर्मचारियों को भेज जांच कराई तो मामला सही पाया गया , पीला ईंटो का प्रयोग व गुणवत्ता विहीन मसाले का प्रयोग किंग जा रहा था। मामले की जांच करने वाले अधिशासी अधिकारी अहिवरन लाल व वरिश्ठ लिपिक गोपाल अवस्थी ने कार्य की गुणवत्ता स्तर हीन बताई जिसके बाद नपाप अध्यक्ष मो. जमाल ने स्तरहीन कार्य को तत्काल ध्वस्त कराने का निर्देश दिया जिसके बाद जेसीबी के जरिये हुए निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया । साथ ठेकेदार को नोटिस जारी कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश जारी किए गए।

## मां चन्द्रिका देवी मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक चंद्रिका देवी मंदिर लखनऊ के बख्शी कस्बे में स्थित है। एक मान्यता के अनुसार गोमती नदी के पास महीसागर तीर्थ के किनारे एक पुरातन नीम के वृक्ष के कोटर में नव दुर्गा के साथ उनकी वेदियां कई वर्षों से सुरक्षित रखी हुई हैं। शास्त्रों के मुताबिक पांडव वनवास काल में द्रौपदी के साथ इस पवित्र स्थान पर आए थे। महाराजा युधिष्ठिर ने यहां अश्वमेध यज्ञ कराया जिसका घोड़ा चन्द्रिका देवी धाम के निकट राज्य के तत्कालीन राजा हंसध्वज द्वारा रोके जाने पर युधिष्ठिर की सेना से उन्हें युद्ध करना पड़ा था। इस युद्ध में उनका पुत्र सुरथ सम्मिलित हो गया था व दूसरा पुत्र सुधन्वा युद्ध के दौरान चन्द्रिका देवी धाम में नव दुर्गाओं की पूजा आराधना में लीन था। युद्ध में अनुपस्थिति के कारण इस महीसागर क्षेत्र में उसे खौलते तेल के कड़ाहे में डालकर उसकी परीक्षा ली गई। परंतु मां चन्द्रिका देवी की कृपा के चलते उसके शरीर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा था। तभी से इस तीर्थ को सुधन्वा कुंड भी कहा जाने लगा। पुराणों के अनुसार दक्ष प्रजापति के श्राप से प्रभावित चन्द्रमा को भी श्राप मुक्ति के लिए चन्द्रिका धाम स्थित मही सागर संगम तीर्थ के जल में स्नान करने के लिए आना पड़ा था। मां चन्द्रिका के भव्य मंदिर के पास से निकली गोमती नदी की जलधारा चन्द्रिका देवी धाम की तीन दिशाओं उत्तर





पश्चिम और दक्षिण में प्रवाहित होती है तथा पूर्व दिशा में महीसागर संगम तीर्थ स्थित है जिसमें शिव जी की विशाल मूर्ति स्थापित है। साईं सुरक्षा नगर व गैलेक्सी ग्रीन सिटी के डायरेक्टर ने किया विशाल भंडारा राजधानी लखनऊ के साईं सुरक्षा नगर व गैलेक्सी ग्रीन सिटी के डायरेक्टर अतुल यादव (पिता–हरिनाथ यादव) ने मां चन्द्रिका देवी मंदिर में शांतिपूर्ण वातावरण में विशाल भंडारे का आयोजन किया। इसमें भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में महेन्द्र यादव, अभिषेक यादव, पंकज यादव, दीपक कुमार, विक्की, निर्मल, अनुराग मिश्रा, लकी, अंकुर, मोनू यादव व रामू राठौर आदि कार्यकताओं का सहयोग रहा।

## प्रबोधन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन : डॉक्टर संजय निषाद

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊः निषाद पार्टी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का प्रबोधन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया हॉल में किया गया, शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में निषाद पार्टी सुप्रीमों एवं माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद जी नव मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम शिरकत की, श्री निषाद जी शिविर से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया। श्री निषाद जी ने कार्यकर्ताओ से स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी किसानों के मसीहा की जीवनी को पढ़ने के लिए अपील भी की, साथ ही श्री निषाद जी ने आज एक दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भर से आये कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में 11 सीट जीतकर इतिहास रचने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया, श्री निषाद जी ने कहा कि चुनाव परिणाम से पूर्व कई प्रकार के मिथ्य और भ्रम फैलाये जा रहे थे किन्तु कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत के बाद निषाद पार्टी ने 15 में 11 सीट जीतकर इतिहास के पन्ने में दर्ज करवाने का काम किया। श्री निषाद जी ने बताया कि चुनाव परिणाम के बाद संगठन को फेर बदल जरूरी था, क्योंकि जिला कमेटियों का प्रोमोशन और मंडल कमेटी का प्रमोशन अच्छे परिणाम के बाद उपहार के तौर पर कार्यकर्ताओं को दी गई है। श्री निषाद जी ने बताया कि लोग कहते थे कि डॉ साहब ने गलत फैसला लिया भारतीय जनता पार्टी से हारी हुई सीटें ले ली, 7 सीट भारतीय जनता पार्टी से हारी हुई ली जरूरी थी किन्तु वो निषाद पार्टी





के लिए जीती हुई सीट थी और हमने जीत कर दिखाया भी है। श्री निषाद जी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओ से आह्वान किया कि आप सभी तैयार हो जाये, समय कम है और लक्ष्य बड़ा है, इसके लिए हमे अभी से क्षेत्र में जाकर घर घर निषाद पार्टी की विचारधारा को बताना होगा। श्री निषाद जी ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय मुख्यमंत्री जी की लाभकारी योजनाओं को आम जन के बीच रखना होगा, जनता में विश्वास पैदा करना होगा ताकि लोकसभा चुनाव में 80/80 परिणाम आये। श्री निषाद जी ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभ को जन जन पहुचाने के लिये कार्यकताओ से अपील करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी कि मंशा को गरीब मछुआ समाज के कल्याण की योजनाओ को पहुचाने का काम करो। श्री निषाद जी ने अपने आवास को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि लखनऊ सरकारी आवास मेरा नही आवाम के लिए है प्रदेश के किसी भी कार्यकर्ता को लखनऊ में 1 विक्रमादित्य मार्ग खुला है। श्री निषाद जी ने चुनाव में 4 सीटों पर मिली हार को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आत्ममंथन करने के लिए कहा कि हंडिया, अतरौलिया, कटेहरी और कालपी पर मिली हार की समीक्षा की जानी चाहिए।

# थाना सिकरारा पुलिस ने 498ए, 306 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त फत्तू चौहान को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधीयो के विरूध्द सघन अभियान के क्रम मे व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी सदर व थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय उ0नि0 विजयशंकर यादव मय हमराह हे0का0 विनोद यादव, का0 जयचन्द कुमार के थाना हाजा से प्रस्थान कर विनावर देखभाल क्षेत्र, पेण्डिंग विवेचना, तलाश वाँछित अपराधी व संदिग्ध चेकिग व्यक्ति / वाहन के दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि ग्राम सादात बिन्दूली मे आप के थाना के मु0अ0स0 128/22 धारा 498ए,306 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त फत्तू चौहान पुत्र स्व0 हरगेन चौहान निवासी सादात बिन्दूली थाना सिकरारा जनपद जौनपुर मे छिपे है जिसे जल्दी किया जाय तो पकडे जा सकते है इस सुचना पर विश्वास करके ग्राम सादात बिन्दूली से अभियुक्त फत्तू चौहान को दिनांक 30.05.2022 को समय करीब 8.00 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त दृ1. फत्तू चौहान पुत्र स्व0 हरगेन चौहान निवासी सादात बिन्दूली थाना सिकरारा जनपद



जौनपुर। सम्बन्धित अभियोग– 1.मु0अ0स0–128/22 धारा 498ए,306 भादवि थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य – 1.थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 विजयशंकर यादव थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 विनोद यादव थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 4.का0 जयचन्द कुमार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

# किसान का बेटा बना असिस्टेंट प्रोफेसर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के भुवालापट्टी गांव में एक किसान के बेटा अपनी कड़ी मेहनत के बदौलत असिस्टेंट प्रोफेसर बन गया। उसकी सफलता से उसके परिवार समेत पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। हलांकि अभी इस होनहार युवक का उद्देश्य है कि वह सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास करके देश की सेवा करना चाहता है।उक्त गांव के निवासी पेशे से किसान व आटा चक्की की दुकान चलाने वाले सुरेश पटेल का पुत्र सुजीत पटेल का चयन उच्च शिक्षा विभाग



द्वारा भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के चयनीत हुआ है। उसकी सफलता से पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। सुजीत की बुनियादी शिक्षा बाल शिक्षा निकेतन भुवालापट्टी में हुई तथा हाईस्कूल और इण्टर तक पढ़ाई उसने टीडी इण्टर कालेज से किया है।स्नातक और परास्नातक इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पास किया। इस प्रतिभावान छात्र ने परास्नातक की पढ़ाई करते समय ही नेट/जेआरएफ की परीक्षा पास कर लिया था। पीजीटी में उसका चयन 2021 में हुआ था बात–चीत करते हुए सुजीत पटेल ने बताया कि यह उसका अखिरी मुकाम यह नही है हमारा लक्ष्य है सिविल सर्विसेज परीक्षा पास करके देश की सेवा करना है।सुजीत ने यह भी कहाँ की यहां तक पहुंचने में जो सफलता हासिल किया हूं उसका पूरा श्रेय हमारे माता–पिता व पुरे परिवार के साथ–साथ हमारे गुरुजनों का भी है।

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई 297वीं जंयती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 297 वीं जंयती समारोह मनाई गई अध्यक्षता करते जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहां अहिल्याबाई एक स्त्री होकर भी उन्होंने न केवल नारी जाति के उत्थान के लिए कार्य किया अपूर्ति समस्त पीड़ित मानवता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया वह एक उज्जवल चरित्र वाली पतिव्रता नारी ममतामई मां तथा उदार विचारों वाली महिला थी अहिल्याबाई होल्कर सेवा सरलता सादगी मातृभूमि की सच्ची सेविका थी इंदौर घराने की महारानी बनने के बाद भी अभिमान उन्हें छू तक नहीं पाया अहिल्याबाई का जन्म 1735 में महाराष्ट्र की ग्राम पाथडरी में हुआ था उनके पिता मनकोजी सिंधिया एक सामान किसान थे सादगी और धर्म निष्ठा से जीवन जीने वाले मनकोजी की अहिल्याबाई एकमात्र संतान थी अहिल्याबाई एक बुद्धिमान तीक्षण सोच और स्वस्फूर्त शासक के तौर पर याद किया जाता है हर दिन वह अपनी प्रजा से बात करती थी उनकी समस्या सुनती थी उनके कालखंड में रानी अहिल्याबाई ने ऐसे कई काम किए कि लोग आज भी उनका नाम लेते हैं अपने साम्राज्य को उन्होंने समृद्ध बनाया उन्होंने सरकारी पैसा बेहद बुद्धिमानी



से कई किले विश्राम गृह, कुएं और सड़कें बनवाने पर खर्च किया उन्होंने बहुत से मंदिर का निर्माण किया उन्होंने कई मंदिरों का जीर्णोद्धार किया अहिल्याबाई होल्कर ने सदैव आत्मा का जीवन दिया आलिया बाई होल्कर आज शरीर रूप से हमारे बीच नहीं है किंतु सद्विचारों एवं आत्मा के रूप में हमारे बीच सदैव अमर रहेंगीं समारोह में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम,रामधारी पाल,राजदेव पाल,श्रवण जयसवाल,हिरालाल विश्कर्मा, निजामुद्दीन अंसारी, सुभाष पाल,गप्पू मौर्या, भानु प्रताप मौर्या,लालबहादुर पाल,अविषेक यादव, विकास यादव, बाबा यादव, सोचन राम विश्कर्मा, मेवालाल गौतम,सोनी यादव, डा जग बहादुर यादव,संचालन जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

# टीडी कालेज के छात्रनेता निर्भय सिंह ने रक्तदान कर बचाई दलित बिटिया की जान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीबीपुर कबूलपुर जफराबाद निवासी शिवपूजन हरिजन राजगीर का काम करते है माली हालत बहुत दयनीय है किसी तरह घर की रोजी रोटी चलती है जीवन यापन दूभर हो गया है। शिवपूजन की 2 वर्षीय बेटी अंशिका बेहद बीमार है। बीमारी हालात में किसी तरह निरीह पिता द्वारा बिटिया को आनन फानन में शोभनाथ चिल्ड्रन अस्पताल पॉलिटेक्निक लाकर एडमिट कराया गया जहाँ चिकित्सको ने बताया कि बिटिया को तत्काल ब्लड की आवश्यकता है। अब शिवपूजन के सामने बड़ी दुविधा थी खुद कि तबियत बेहद खराब इधर बिटिया जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रही थी। शिवपूजन के एक भाई संजय वर्ष 2011 में गुम हो गए और आजतक घर नही लौटे उन्होंने पीछे 2 बेटियों समेत अपना पूरा परिवार छोड़ दिया था पूरे घर के इकलौते जिम्मेदार शिवपूजन अब करते तो क्या करते उन्होंने अपने पड़ोसियों समेत गांव वालों से भी मदद की गुहार लगाई किसी ने मदद के लिए हां नही कहा उन्होंने कई रिश्तेदारों से सम्पर्क साधा वहां से भी कोई सकारात्मक प्रत्युत्तर नही मिला कुछ ने तो हामी भरी पर कुछ ही क्षणों में उनके नम्बर बन्द बताने लगे। शिवपूजन मुह लटकाए अस्पताल के बगल निराश बैठे थे इतने में उन्हें किसी ने अतुल सिंह से मदद लेने की बात कही और नम्बर भी दिया उन्होंने अतुल को फोन मिलाया और आप बीती बताई कुछ ही क्षणों में अतुल सिंह तत्काल कई लोगो के साथ आनन फानन में प्ड। ब्लडबैंक लाइनबिजर पहुचे जहाँ उन्होंने अपने भतीजे व टीडी कालेज के छात्रनेता निर्भय सिंह से तत्काल रक्तदान करा



कर मरीज की जान बचाई। निर्भय ने बताया कि चाचा अतुल सिंह से प्रेरणा लेकर प्रतिक्षण समाज के लिए हर उस शोषित वंचित गरीब मजलूम की मदद के लिए तत्पर रहूँगा जो वास्तविक जरूरतमंद है। उन्होंने बताया कि मेरे चाचा अतुल सिंह जिले के ऐसे प्रथम रक्तदाता जी जिन्होंने अब तक 23 बार रक्तदान किया है मैं भी उनकी तरह समाजसेवा करना चाहता हूं। परिस्थितियां जब विपरीत होती है तो कोई भी राजनैतिक दल काम नही आता यह सब सेनाएं केवल सियासत तक ही सीमित होकर रह जाती है अपने सामाज की बुनियाद पर बने इन तमाम संगठनों से जब खुद के समाज की मदद नही हो पाती तो फिर किस बात का सामाजिक संगठन? जबकि इन सेनाओं के साथ बार बार गरीब शोषण का शिकार होता रहा है। छात्रनेता निर्भय सिंह के साथ, अवनींद्र यादव, तुषार श्रीवास्तव, सूरज सरोज, राजन सोनकर, अभिषेक यादव, विनय सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने इस नेक कार्य के लिए निर्भय की सराहना की।

# दूसरों को स्वच्छता का ज्ञान देने वाले शिक्षा विभाग में ही लगे गंदगी के ढेर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। योगी सरकार 1.0 में सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत् साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया था। परन्तु योगी सरकार 2.0 में महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां ही उड़ा दी गयी। शिक्षा विभाग जो हर महीने साफ–सफाई के सन्दर्भ में विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाता है। खुद अपनी ही गंदगी को साफ नहीं कर पा रहा है।



जबकि कोरोना का संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है ऐसे में खतरा और बढ़ जाता है। राजधानी लखनऊ के शिक्षा भवन के शौचालय खुद विभाग की साफ–सफाई अभियान की खिल्ली उड़ा रहे है। जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त शिक्षा निदेशक सहित अनेक आला अधिकारी यहां प्रतिदिन उपस्थित रहते है। परन्तु यहां के बदबू और गंदगी से भरे शौचालयों पर किसी की भी नजर नहीं जाती है। बाहर से आने वाले आगंतुक व कर्मचारी अत्यंत मजबुरी में यहां के शौचालयों का प्रयोग करते है। वरना गंदगी के चलते कोई यहां थूकना भी पसंद नहीं करता है। वाश बेसिन पान मसाले की पीक से भरे, यूरिनल के पॉट भरे है, शौचालय की सफाई हुए तो लगता है एक सरकार बीत गयी है और दूसरी बार फिर आ गयी। परन्तु यहां गंदगी वैसी ही है। गंदगी का आलम तो यह है कि यदि कोई शिक्षा भवन के शौचालय का प्रयोग करता है तो निश्चित तौर पर उसे कोई न कोई संक्रमण अवश्य हो जायेगा। विभाग के अधिकारी तो अपने व्यक्तिगत शौचालयों का प्रयोग कर लेते है परन्तु कर्मचारी व आगंतुक उसी नारकीय स्थिति के शौचालयों का उपयोग करने को मजबूर है।

# डा0 संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने सेवानिवृत पुलिस कर्मियों को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर किया विदाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में तैनात पुलिसकर्मी अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर, डा0 संजय कुमार, द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी 1. उ0नि0 परदेसी सिंह, 2.मु0आ0 श्याम राज सिंह को अंग वस्त्र, माल्यार्पण, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई, तत्पश्चात सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा



सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस दौरान श्री अनुपम सिंह, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# ग्राम विकास अधिकारी धर्मेन्द्र यादव व अखिलेश गौड के जुर्माना की धनराशि के वसूली का आदेश जारी

डीकेयू ठाणे ब्यूरो अमित कुमार श्रीवास्तव : जौनपुर के विकास खण्ड बक्शा के ग्राम विकास अधिकारी धर्मेन्द्र यादव व अखिलेश गौड के विरुद्ध राज्य सूचना आयोग द्वारा 25000 – 25000( पच्चीस– पच्चीस हजार) रूपये का अर्थ दण्ड लगाया गया था जिसकी राशि अभी तक जमा न किये जाने से आयोग शक्ति करते हुए दिनांक 24 मई 2022 को वसूली की नोटिस जारी करते हुए अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश व निदेशक पंचायती राज, निदेशालय लखनऊ एवं जिलाधिकारी जौनपुर को पत्र भेज कर उपरोक्त दोनों के वेतन से कटौती करके जुर्माना की राशि तत्काल जमा करने एवं कार्य मे लापरवाही के कारण उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाई करने का निर्देश जारी किया गया हैद्य ज्ञात हो कि श्री प्रमोद कुमार पाण्डेय एवं श्रीमती वीनू पान्डेय द्वारा प्रावधानों का पालन करते हुए सूचना मांगा गया था जिसे उपरोक्त लोगों द्वारा न दिए जाने से नाराज होकर राज्य सूचना आयोग के समक्ष अपील प्रस्तुत किया गया था जिसपर सुनवाई के दौरान कई बार मौका दिया गया परन्तु उपरोक्त सूचना अधिकारी मांगी गई सूचना के अनुरूप सूचना उपलब्ध कराने में असफल रहे सुनवाई के दौरान अपील संख्या एस– 5/2194/ ए/2019 श्रीमती वीनू पान्डेय बनाम सूचना अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी बक्शा में सुनवाई के दौरान प्रतिवादी की तरह से ग्राम विकास अधिकारी श्री अखिलेश गौड उपस्थित होकर बताया कि श्री धर्मेन्द्र यादव तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी एक वर्ष से ग्राम का अभिलेख लेकर फरार है बार बार खण्ड विकास अधिकारी को पत्र के वावजूद अभिलेख नही दिया गया जिस कारण से सूचना नही दिया जा सकता है जिससे नाराज होकर मा0 श्री अजय कुमार उप्रेती मा० राज्य सूचना आयुक्त के द्वारा धारा 20(1) के तहत मुंबई रू०–25000 का जुर्माना दिनांक 27–4 –2022 को अधिरोपित किया गया था और अपील संख्या एस–5/2193/ ए/2019 प्रमोद पाण्डेय बनाम जन सूचना अधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी बक्शा में सुनवाई के दौरान प्रतिवादी द्वारा बार बार आयोग के द्वारा अवसर दिऐ जान के बाद भी बांटिये सूचना न देने के कारण श्री अखिलेश गौड ग्राम विकास अधिकारी बक्शा के विरुद्ध भी दिनांक 27/4/2022 को पच्चीस हजार रुपये का अर्थ दण्ड अधिरोपित किया था अभी तक दण्ड राशि जमा न होने से सयुंक्त रजिस्टार उ० – प्रदेश द्वारा अपने पत्र संख्या 1568 व पत्र संख्या 1565 दिनांक 24 मई 2022 के द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी जौनपुर अर्थ दण्ड वसुली की नोटिस जारी करते हुए उपरोक्त दोनों धर्मेन्द्र यादव व अखिलेश गौड के बेतन से वसूली करते हुए धनराशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। जिससे पंचायत विभाग के अधिकारियों में हडकंप मचा है।

# "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" के उपलक्ष्य में जन जागरूकता फैलायें जाने हेतु हस्ताक्षर अभियान एवं गोष्ठी का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" के उपलक्ष्य में जन जागरूकता फैलायें जाने हेतु हस्ताक्षर अभियान एवं गोष्ठी का आयोजन डा0 लक्ष्मी सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जौनपुर की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि 31 मई 2022 "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" है। तम्बाकू सेवन का व्यापक दुष्प्रभाव है। इसके सेवन से कई बीमारियां हो सकती है। लोगो को जागरुक करने के लिये प्रत्येक वर्ष 31 मई को "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" दिवस मनाया जाता है। उनके द्वारा बताया गया कि तम्बाकू सेवन से गम्भीर बिमारियां जैसे–मुख, फेफड़े का कैन्सर, बी0पी0, शुगर, नपुंसकता इत्यादि बीमारियो हो सकती है इस कारण कई लोग समय से पहले अपंग या मत्यु को प्राप्त करते है। उनके द्वारा बताया गया कि "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" के अवसर पर विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम यथा शपथ अभियान, सभी सामु0/प्रा0स्वा0 केन्द्रो/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरो/उपकेन्द्रो पर निःशुल्क एन0सी0डी0 जांच शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा0 राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि 15 मई से 15 जून तक तम्बाकू निषेध माह मनाया जा रहा है जिसमे अभियान के दौरान समस्त जनपद के विभागों का दायित्व होगा कि वे अपने–अपने कार्यालय में तम्बाकू निषेध जनजागरूकता पर चर्चा करायें तथा जनहित में प्रचार–प्रसार करायें, प्रति सप्ताह स्वास्थ्य, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग आदि




सार्वजनिक स्थलों पर छापेमारी करें तथा अधिनियम का उल्लघंन करने पर दोषी पायें जाने के विरूद्ध जुर्माना की कार्यवाही करें, ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालयों में प्रतिदिन आने वालें मरीजों एवं तीमारदारों की काउन्सिलिग कर उन्हें तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें। इस दिन का मुख्य उददेश्य सिगरेट और अन्य तरीको के माध्यम से तम्बाकू सेवन के हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में लोगो मे जागरुकता फैलाना है। धूम्रपान करने की बुरी आदत से छुटकारा पाने में धूम्रपान करने वालों की मदद करना महत्वपूर्ण है। उनके द्वारा बताया गया कि लोगो को तम्बाकू सेवन से मुक्त होने हेतु जिला पुरुष चिकित्सालय जौनपुर में तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र क्रियाशील है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नरेन्द्र सिह द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर वर्ष इसकी थीम निर्धारित की जाती है इस वर्ष इसकी थीम पर्यावरण बचायें निर्धारित की गयी है आकड़े बताते है कि प्रति वर्ष साठ करोड़ वृक्षो को काटकर सिगरेट बनाया जाता है और तम्बाकू जनित उत्पादो से लगभग आठ करोड़ चालीस लाख टन कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जित होती है जिससे वायुमण्डल का तापमान बढ़ता है इतना ही नही सिगरेट बनाने में लगभग बाइस अरब लीटर पानी का उपयोग किया जाता है इससे न केवल पर्यावरण का खतरा उत्पन्न होता है बल्कि जल की बर्बादी होती है। एन0जी0ओ0 कार्यकर्ता श्रीमती मुन्नी बेगम द्वारा बताया गया कि अगर व्यक्ति दृढ़ इच्छाशक्ति बना ले तो वह नशा छोड़ सकता है। अन्त में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर0सी0एच0 डा0 एस0एन0 हरिश्चन्द्र द्वारा सभी को उक्त आभियान में सच्चे मन के साथ सक्रिय रुप से भाग लेने हेतु शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्यक्रम में कुवर हरिबंश सिंह पैरामेडिकल कालेज की छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर डा0 एस0सी0 वर्मा, डी0पी0एम0 एन0एच0एम0 सत्यव्रत त्रिपाठी, एफ0एल0सी0 जय प्रकाश गुप्ता, विनोद मौर्या एवं एन0सी0 डी0 सेल के सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# "रोजगार मेले" में 373 को मिली नौकरी

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में निजी नियोजकों के सहयोग से 31 मई 2022 को 'रोजगार मेला' का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस जौनपुर में किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियॉ सुधिवा स्पींस प्रा0लि0,



ब्राईटफ्यूचर आग्रेनिक हर्बल्स एवं आयुर्वेद प्रा0लि0, न्यू शक्ति बायो फर्टिलाइजर्स प्रा0लि0, नव भारत फर्टिलाइजर्स प्रा0लि0, सैडिक इण्डिया प्रा0लि0, मापल स्टाफिनिंग सल्यूशन प्रा0लि0, सीडाक इण्डिया प्रा0लि0, शामिल हुई, मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की संख्या 556 रहीं, नियोजकों के द्वारा कुल 373 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को जिला सेवायोजन अधिकारी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया एवं बधाई देते हुए भविष्य में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को बताया गया कि सेवायोजन कार्यालय में 'कैम्पस सलेक्शन' प्रत्येक सोमवार किया जायेगा, सोमवार को अवकाश होने पर यहा अगले कार्य दिवस पर आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेला प्रभारी शिवकुमार यादव, रामसिंह मौर्य, जीतलाल मौर्य, श्रीमती हसन फात्मा, आनन्द भूषण त्रिपाठी, अजय कुमार, चन्द्रशेखर प्रताप एवं कौशल विकास मिशन के एम0आई0एस0 मैनेजर शिवम सिंह आदि उपस्थित रहें।

## सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत : सुहाग के लिये मांगी दुआएं

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)वट सावित्री व्रत को लेकर सोमवार को सुबह से ही मंदिरों में व्रतियों की भीड़ जुटी। जिले के अलग अलग जगहों पर सुबह से ही पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती देखी गईं।मान्यता है कि पतिव्रता सावित्री ने अपने पति का प्राण हरने आये यमराज से जिद्द कर वट वृक्ष के नीचे ही अपने पति के प्राण वापस लौटा ली थी। उसी पौराणिक कथा पर आज भी महिलाएं व्रत कर वट वृक्ष की पूजा करती हैं और अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। घर के मंदिर में दीप जलाए गए। वट वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की मूर्ति का विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद मूर्ति और वृक्ष पर जल अर्पित किया। सुहागिनों न लाल कलावा को वृक्ष में सात बार परिक्रमा करते हुए लपेट कर प्रार्थना की।वहीं रुदौली के ग्राम बैनामा का पुरवा रौजागांव में भी सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत व पूजन कर सुहाग की रक्षा के लिए प्रार्थना की। पंडित शिव कैलाश मिश्रा के यहां आयोजित पूजन अर्चन में भारी संख्या में गांव की सुहागिनों ने हिस्सा लिया।सुहागिनों ने वृक्षारोपण भी किया। पंडित शिव कैलाश मिश्रा ने बताया इस दिन बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा करने के साथ व्रत कथा सुनना और वट सावित्री का व्रत रखना बहुत शुभ होता है।

# समाज की खराब स्वास्थ्य प्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाने में मदद करता है अभियान : कुलपति आलोक राय

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन और नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित महिला स्वास्थ्य लोकप्रिय अभियान अपने मेगा अभियान के चौथे दिन बख्शी का तालाब क्षेत्र के 8 और सरकारी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेजों को इस अभियान से जोड़ा। यह स्वास्थ्य जागरूकता अभियान ग्रामीण किशोरियों के स्वास्थ्य के इर्द–गिर्द घूमता है और इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह युवा किशोरीयों के स्वास्थ्य सम्बन्धित मानसिक वर्जनाओं और रूणीवादिता को दूर करने एवं समाज की खराब स्वास्थ्य प्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाने में मदद करता है। बालिकाओं के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं और ग्रामीण स्कूली छात्राओं को इसे उपलब्ध कराने के प्रयास में, राजकीय हाईस्कूल, सोन्या हाईस्कूल, बीबीपुरय राजकीय हाईस्कूल, बेहेटा बीकेटी इंटर कॉलेज कुम्हराना इंटर कॉलेज राष्ट्रपिता स्मारक इंटर कॉलेजय राजकीय हाईस्कूल, जुग्गोरय राष्ट्रपति उद्योग आश्रम इण्टर कॉलेज, बीकेटीय में लखनऊ विश्वविद्यालय के




अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 पूनम टंडन द्वारा सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और भस्मक वितरित किए गए। इसके साथ ही विशेषज्ञों द्वारा छात्रों और संकाय सदस्यों को मशीनों के संचालन का प्रदर्शन दिया गया। छात्रों के साथ बातचीत करते हुए प्रो पूनम टंडन ने कहा कि युवा पीढ़ी को अच्छा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है और साथ ही हमें उन्हें स्वास्थ्य सम्बन्धित सामाजिक विकृति से लड़ने और मुखर होने के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता के उत्पाद के प्रयोग पर हर बच्चे का समान अधिकार है। एनएसएस समन्वयक प्रो रूपेश कुमार ने देश के ग्रामीण हिस्सों में लोगों के स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व के बारे में बात की। छात्रों ने अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और माता–पिता और सामाजिक परामर्श से संबंधित कई प्रश्न पूछे। इन प्रश्नों का उत्तर डॉ अलका मिश्रा ने रोचक रूप में दिया। एनएसएस के छात्रों द्वारा मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।अब तक लखनऊ विश्वविद्यालय 1000 से अधिक छात्रों और 30 ग्रामीण स्कूलों / कॉलेजों को जोड़ने में सक्षम है।

# गोसाईगंज कस्बे में गरजा योगी का बुलडोजर : कब्जा किये गये नालियों को कराया खाली

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के नगर पंचायत गोसाईगंज में अतिक्रमणकारी पर आखिरकार सोमवार को योगी का बुलडोजर गरजा।सूत्र के मुताबिक एसडीएम सदर रामकुमार शुक्ला की अगुवाई में यह बुलडोजर चला।इस दौरान अतिक्रमण की जद में आये अबैध निर्माण को धराशाई कर दिया।इस कार्यवाही के दौरान व्यापारी और पटरी दुकानदार परेशान दिखे।वही अतिक्रमण हटाने को लेकर आज गोसाईगंज में अफरा तफरी का माहौल रहा।दोपहर बाद नगरपंचायत अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में बाबा के बुलडोजर ने नगर पंचायत के सामने वाली साइड में कार्यवाही शुरू किया।जो भीटी तिराहे से होते हुए बस स्टाप तक चला।इस दौरान व्यापारियों के दूकानों और घरो के आगे लगे टीन शेड को तोड़ते हुए कवर्ड नालियों को खाली कराया गया। वंही प्रशासन की इस कार्यवाही को लेकर व्यापारियों में काफी नाराजगी भी दिखी और जगह–जगह अधिकारियों से झड़प होती रही।वही बीच बीच में नगर कोतवाल ने मोर्चा सभांला और लोगों को समझाया तो लोगों ने कहा कि मानक से चलें कहीं तोड़ रहे हैं कहीं छोड़ रहे हैं फिलहाल लोगों में आक्रोश है। व्यापरियो का कहना है कि एक मानक निर्धारित कर कार्यवाही होनी चाहिए।बताते चले कि बीते सोमवार को कोतवाली परिसर में अतिक्रमण को लेकर बैठक हुई थी तो उसमे नाली तक खाली करने की बात कही गयी थी।जिस पर व्यापारियों ने अपनी सहमति ब्यक्त किया था। मजेदार बात यह है कि उस दिन बैठक में मौजूद व्यापारी नेताओं में से आज कोई भी सामने नही दिखाई पड़ा और ना ही नगर पंचायत के चेयरमैन ही दिखाई पड़े।पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार मल्हू ने विरोध जताते हुए कहाकि क्या व्यापारी द्वारा अपने दूकान के सामने नाली पर आने जाने के लिए पटिया रखने से ही सारा




आवागमन बाधित होता है।व्यापारी वर्ग सरकार को राजस्व देता है और उसी के साथ ऐसा वर्ताव,इसका हम पुरजोर विरोध करते है,तो वंही केन्द्रीय दुर्गा पूजा अध्यक्ष हेमंत कसौधन ने कहाकि अतिक्रमण के नाम पर हर समय व्यापारियों पर ही गाज गिरती है।क्या व्यापारी ही सबसे बड़े अतिक्रमणकारी है।वंही इस संबंध में एसडीएम सदर ने कहाकि शासन के निर्देश पर मुख्य मार्गो को खाली कराया जा रहा है। कोतवाली में बैठक के दौरान सबको अपने घरो दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाने का निर्देश देते हुए 29मई तक का समय दिया गया था।लोगो ने स्वतःअपने घरो दुकानों से अतिक्रमण हटा लिया है।परन्तु नालियों पर बने चबूतरे आदि को नही हटाया है,जिसे हटवाया जा रहा है। उन्होने बताया कि यह अभियान अभी कई दिनों तक चलता रहेगा। इस दौरान नगर पंचायत के ईओ आलोककुमार मिश्र,एसएचओ केके मिश्र,एसआई जवाहरपाल,वीरेंद्र पाल,महिला एसआई वीना पांडे,सिपाही मनोज यादव,अंकित,पंचायत कर्मी शिवशंकर वर्मा,जैसराज,कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# सोमवार से अयोध्या में वन–वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू होने से कहीं मिली राहत तो कहीं बनी आफत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोमवार से नगर के कई क्षेत्रों में वन–वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर दी गई है।जो कि एक सप्ताह के लिए बतौर ट्रायल लागू इस नई व्यवस्था से कहीं राहत तो कहीं आफत की दिखाई दी।वही पहले से लोगों को जानकारी न होने के कारण उन लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।इस दौरान कड़ी धूप में पुलिस को भी वन दृ वे लागू कराने में पहले दिन पसीना बहाना पड़ा।हालांकि जिला प्रशासन ने पहले ही साफ कर दिया था कि यह ट्रायल बेस है, यदि कारगर हुई तो यथावत रहेगी।मालूम हो कि इससे कई वर्ष पूर्व चाहे सीओ सिटी राजीव नारायण मिश्र,सीओ सिटी राजेश पाण्डेय,सीओ सिटी अमित कुमार,सीओ सिटी अनिल कुमार सिंह सिसौदिया,सीओ सिटी निपुण अग्रवाल या फिर अन्य सीओ सिटी रहे हो सभी ने इसे लागू करने की कोशिश की परंतु यह समस्या जस की तस बनी रही।लोगों को जाम से निजात नही मिली।अब देखना यह है कि इस बार क्या लोगों को जाम से निजात मिलेगी।अगर देखा जाये तो वन–वे ट्रैफिक व्यवस्था के पहले दिन सोमवार को प्रशासन द्वारा निर्धारित डायवर्ट प्वाईंटों पर अलग दृ अलग नजारा देखने को मिला।ट्रैफिक डायवर्ट कर रहे पुलिस कर्मियों से लोगों की कई जगह नोकझोंक भी हुई। कई जगह लागू नियमों की अनदेखी भी हुई लोग ने बैरीकैडिग की परवाह किए बिना गाड़ी लेकर घुस गए।वन–वे ट्रैफिक से सोमवार को चौक क्षेत्र में जाम नहीं दिखाई पड़ा। रिकाबगंज से आने वाले वाहन चौक में रोकने नहीं दिए गए। उन्हें गुदड़ीबाजार और रीडगंज की ओर सीधे जाने दिया गया।फतेहगंज जैसे अति व्यस्त और जाम प्रभावित क्षेत्र में जाम नहीं रहा। वर्ना यहां रोज घंटों जाम लगता था। अच्छी बात यह दिखी कि रिकाबगंज से चौक और चौक से फतेहगंज यातायात फर्राटा भरता दिखाई दिया।हालांकि रीडगंज चौराहे पर जिन्हें चौक जाना था सड़क को ही पार्किंग बना कर गए।वही इसके रोडवेज या जिला अस्पताल से जिनको



नियांवा और गुदड़ीबाजार की ओर जाना था साधन के अभाव में परेशान दिखे। साधन न होने के कारण लोगों को पैदल ही जाना पड़ा।ऐसे ही फतेहगंज से चौक आने वाले लोगों को भी दिक्कत उठानी पड़ी। जिन प्वाईंटों से एंट्री बंद की गई वहां से लोगों को लम्बा चक्कर लगा कर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। नियावां से जिनको गुदड़ीबाजार और चौक जाना था उन्हें भी परेशानी उठानी पड़ी। पैदल रिकाबगंज तक गए फिर वहां से चौक। गुदड़ीबाजार से अयोध्या जाने वाले भी परेशान हुए। यहां साधन न मिलने के कारण चौक जाना पड़ा।इस मौके पर वन वे ट्रैफिक ने सोमवार को गली कूचों को मुख्य सड़क सरीखा बना दिया।ई–रिक्शा और आटो वालों ने तोड़ निकाला। आर्यकन्या गली से घुसते हुए गली गली होते हुए गुदड़ीबाजार रोड पहुंच गए। फतेहगंज क्षेत्र में भी गलियों का सहारा लेकर बाईक समेत अन्य वाहनों का आना जाना लगा रहा। आटो और ई रिक्शा वालों का तर्क है कि जिस रोड पर सवारी नहीं उधर से जाकर क्या कमाई कर लेगें।कुल मिलाकर पहले दिन वन–वे व्यवस्था का पहला दिन अव्यवस्था में ही गुजर गया। चौक में ही पुलिस की गाड़ी रिकाबगंज की ओर जाती दिखाई दी। लोग भी जागरूक नहीं थे तो पूरे दिन आपाधापी का आलम रहा।अब देखना यह है कि एक सप्ताह तक चलने वाली व्यवस्था आगे बरकरार रह पाती है या नहीं। हालांकि अधिकतर लोग इसे अव्यावहारिक मान रहे हैं।इस संबंध में राजेश कुमार तिवारी, सीओ ट्रैफिक ने बताया कि वन–वे ट्रैफिक व्यवस्था ट्रायल के तौर पर है।यदि अधिक दिक्कतें सामने आई तो अन्य विकल्प देखे जाएंगे।इसके लिये लोगों को भी जागरूक होना होगा।

# डायवर्जन से आम नागरिकों को 50 मीटर की दूरी तय करने के लिए लगाने पड़े 2 किलोमीटर के चक्कर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोमवार से हुये रुट डायवर्जन से आम नागरिकों की ब मुसीबतें बढ़ गई थी।लोगों के मुताबिक 50 मीटर की दूरी तय करने के लिए 2 किलोमीटर के चक्कर लगाने पढ़ रहे थे।इसके साथ ही साथ चौक जैसे व्यापारिक क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव बढाध्इस दौरान व्यापार पर बुरा असर पड़ने की संभावनाओं में बढ़ोत्तरी होगी। जहां सबसे ज्यादा दिक्जत का सामना ट्रैफिक डायवर्जन से देखने को मिला वह रिकाबगंज से नियाँवा रोड रही, रिकाबगंज से महज 50 मीटर स्थित आवास पर दोपहर का खाना खाने के लिए लोगों को पहले चौक फिर गुदड़ी बाजार फिर नियाँवा फिर रिकाबगंज लौट कर आना पड़ा, यहाँ तक रिक्सा सवारी को भी जहां रिकाबगंज से नियाँवा रोड स्थित महज 100 मीटर की दूरी स्थित आवास पर जाने के लिए महज 10 रुपये किराया देना पड़ता था वहीं अब डायवर्जन से उसी स्थान पर पंहुचने के लिए 50 रुपये तक देना पड़ा।पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान न होने से और डायवर्जन से चौक क्षेत्र में जहां ट्रैफिक दबाव काफी बढ़ा देखने को मिला वहीं कोई भी गाड़ी रोड पर खड़ी हो पाने की स्थिति में कारोबार पर भी बुरा असर पड़ता दिखाई दिया।अब सवाल उठता है बिना बेहतर सुविधा प्रदान कराये क्या डायवर्जन का रूल बहुत दिनों तक सफल होगा, यदि होगा तो कितनी जहमतों का सामना आम जनमानस को और करना पड़ेगा?

## किसानों के सच्चे हमदर्द थे स्व० चौधरी चरण सिंह – हाजी फिरोज खान गब्बर

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)किसानों के सच्चे हमदर्द थे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह उक्त उद्गार आज सोहावल स्थित चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल पर चौधरी चरण सिंह जी की 35 वी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए करते हुए बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर ने व्यक्त किया।इस मौके पर हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी कम समय में किसानों के हित में जो निर्णय लिए हैं वह कभी भुलाई नहीं जा सकते।इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष कृष्णा कुमार पटेल, एशात खान, विधानसभा उपाध्यक्ष सलीम खान, मोहम्मद शोएब खान, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दयाशंकर भारती, अशोक पासी, आमिर खान, राम विलास वर्मा, पूर्व प्रधान विरेन्द्र यादव, दयानन्द पासी, जावेद खान, अनवर अली, मुशीर खान, भोलू भाई, नईम खान, इमरान अहमद, मोहम्मद शेरा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डायट पर जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता लाल चन्द , कान्ति वर्मा एवं सभी डायट मेंटर्स तथा सभी ए आर पी, एस आर जी व सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी गण की उपस्थिति मे एक बैठक का आयोजन किया गया।इस आयोजित बैठक में विस्तार से गुणवत्ता संवर्द्धन एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लक्ष्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी।इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बीकापुर अमित श्रीवास्तव ने सक्रिय पुस्तकालय के विषय में विस्तार से चर्चा की।वही एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने विद्याजलि 2.0 के विषय में बताया कि सभी रिसोर्स पर्सन प्रधानाध्यापक से इसमे पंजीकरण अवश्य करवाएं।कक्षा 1 में संचालित हो रहे चहक कार्यक्रम के विषय मे मनीष रस्तोगी ने चर्चा की।जबकि अमित कुमार मिश्र ने दीक्षा पर संचालित प्रशिक्षण के विषय में विस्तार से बताया।कपिल देव सोनी जी ने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान जरूरी 16 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।शिक्षक डायरी के शिक्षकों द्वारा भरे जाने के सम्बंध में डॉ राम केश निगम सहित कई अन्य ए आर पी साथियों द्वारा जिज्ञासा व्यक्त की



गयी, जिसका समाधान एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी द्वारा किया गया।अंत मे वरिष्ट प्रवक्ता लाल चन्द द्वारा सभी रिसोर्स पर्सन से अपने द्वारा किए गए माडल शिक्षण कार्य का वीडियो क्लिप बनाये जाने और उसे साझा करने की बात कही गई।इस मौके पर आये सभी का आभार प्रकट करते हुए वरिष्ट प्रवक्ता द्वारा बैठक के समापन की घोषणा की गई।

# जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी किए गए पुरस्कृत

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) परमहंस महाविद्यालय अयोध्या में आज जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों छात्र छात्राओं को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी संस्था अयोध्याधाम के अध्यक्ष सुरेश यादव (समाजसेवी )ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किए।इस दौरान प्रथम स्थान स्नेहा माझी ने प्राप्त किए। उनको साइकिल प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान वीप्रांत पांडेय ने प्राप्त किए। उन्हें मोबाइल दिया गया। जबकि तीसरा स्थान अनूपा यादव ने प्राप्त किए। इन्हें बड़ा स्टैंड वाला पंखा प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक सुरेश यादव समाजसेवी ने कहा शिक्षक शिक्षार्थी और शिक्षा में सामान्य होना चाहिए। शिक्षा वर्तमान समय के अनुरुप होनी चाहिए। आगे कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों में निखार आता है। उनकी प्रतिभा का पता चलता है। इस तरह का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जिला स्तर पर कराने का उद्देश्य बच्चों में प्रतिभा जागृत करना है। छात्रों को आज पुरस्कृत किया गया है, ताकि अन्य छात्र भी इनसे प्रेरणा ले और अच्छी तरह पढ़ाई करें। जबकि समाजसेवी जंग बहादुर उपाध्याय ने कहा कि एक पढ़ी–लिखी लड़की दो घरों को उजागर करती हैं। शिक्षा बहुत भी जरूरी है। एक शिक्षित व्यक्ति समाज को नई दिशा और दशा देता है।इस दौरान अध्यापक अमन सिंह, समाजसेवी जंग बहादुर उपाध्याय, रुखसार खातून, नेहा गुप्ता, नितेश यादव, शिखा यादव, अरमान आलम, रवि यादव, अंकित यादव, लोक गायक रमेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# एक जून 2022 को श्रीराम लला गर्भगृह मंदिर के शिला पूजन आदि कार्यक्रमों का सजीव होगा प्रसारण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस महानिरीक्षक के0पी0 सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय आदि द्वारा श्रीराम लला गर्भगृह मंदिर के शिलापूजन सम्बंधित कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण हेतु शासन का ध्यान आकृष्ट किया गया था तथा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय द्वारा भी कार्यक्रम के महत्व को देखते हुये बेहतर प्रचार प्रसार करने हेतु शासन से अनुरोध किया गया था।सूत्र के मुताबिक इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी भाग लेंगे।अयोध्या के अलावा बाहर के संत महापुरूषों को भी इस शिला पूजन कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा आमंत्रित किया गया है। इसमें उ0प्र0 शासन के अनेक अधिकारी भी भाग लेंगे तथा इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हेतु अपर मुख्य सचिव सूचना डा0 नवनीत सहगल एवं सूचना निदेशक शिशिर द्वारा सहमत व्यक्त की गयी है। इस सम्बंध में उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह ने बताया कि सजीव प्रसारण हेतु समस्त कार्य ए0एन0आई0 एवं आईडियल कम्युनीकेशन नई दिल्ली द्वारा किया जायेगा तथा इससे सम्बंधित सजीव प्रसारण की समस्त तैयारियां 31 मई 2022 के शाम तक पूर्ण कर ली जायेगी तथा आम जनमानस के इस कार्यक्रम को देखने के लिए एक दर्जन से ज्यादा एल0ई0डी0 वाहन भी लगाये जायेंगे तथा इससे सम्बंधित प्रसारण का लिंक भी लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा पत्रकार साथियों को भी समय–समय पर सूचनाएं एवं फोटोग्राफ उपलब्ध कराये जायेंगे।

## शनि देव के जन्मोत्सव पर टकसाल में हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) जिले के नगर कोतवाली नगर थाना क्षेत्र मैं चौक के निकट टकसाल में शनि देव के जन्मोत्सव पर शिव मंदिर के निकट ब्रह्म बाबा स्थान पर आज जगत कल्याण व सभी के कष्टों के निवारण हेतु ब्रह्म बाबा स्थान पर पूजा अर्चना व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन व मिष्ठान प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन टकसाल क्षेत्र निवासी श्याम कुमार नाग (श्यामू) ने बताया कि आज शनिदेव का जन्म उत्सव है और इस अवसर उत्सव पर हम सभी ने विधि विधान के साथ शनिदेव की पूजा की अर्चना पूजा की व सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना किया। साथ ही सभी भक्तजनों के लिए भोजन व मिष्ठान प्रसाद आयोजन किया शनिदेव की कृपा से क्षेत्रवासियों के साथ–साथ राह चलते राहगीरों ने रुक कर शनिदेव का प्रसाद ग्रहणकर आशीष प्राप्त किया।भंडारे के इस कार्यक्रम के आयोजन में मौजूद आयोजक श्याम कुमार नाग (श्यामू) के अतिरिक्त श्रीमती रूबी नाग, अनिल नाग, अनूप जायसवाल, आदित्य जयसवाल, एकता नाग, अनोखी नाग, सरस्वती नाग, अनिल सिंह, श्याम सोनी, मनु पहुंजानी, सुरेश आहूजा व विवेक सरीन मौजूद रहे।

# टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर स्वर्गीय जितेंद्र सिंह जी की द्वितीय पूर्ण तिथि पर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की तीन टीमों ने प्रतिभाग किया जिला विद्यालय जिसमें जिला विद्यालय क्रीड़ा समिति जिला क्रिकेट संघ एवं तारुन की टीम ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की टीम ने अपने दोनों मैच जीतकर प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया जिसमें विजेता टीम के टीम के खिलाड़ियों के नाम में मुस्कान जयसवाल रसिका तिवारी नीलम निषाद नेहा वर्मा अदबिया बानो नंदिनी सिंह मोहनी निषाद राखी निषाद शालिनी सिंह आकांक्षा समीक्षा मानसी निषाद खुशबू निषाद सिम्मी सौम्या मौजूद है आपको बताते चलें आपको बताते चलें स्वर्गीय जितेंद्र सिंह जिला ओलंपिक संघ के सचिव थे विगत सन 2020 में 30 मई को जिले में खेलों को नया आयाम देने वाले खेल को आगे बढ़ाने वाले और खिलाड़ियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहने वाले उनके सुख दुख के साथी और खेल के प्रोधा जिला ओलंपिक संघ के सचिव जितेन सिंह का स्वर्गवास हो गया था उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके द्वितीय पुण्यतिथि पर यह सभी आयोजन किए गए और उनके चित्र पर जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ संजय तिवारी जिला विद्यालय समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव रमेंद्र सिंह जिला तलवारबाजी संघ के सचिव विजेंद्र सिंह जिला ओलंपिक संघ के सचिव प्रवेंद्र सिंह योगेश्वर सिंह जिला जंप रोप के संयुक्त सचिव अनुज कुमार राम कुमार शिव कुमार वर्मा रामकुमार वर्मा जिला आर्चरी संघ के सचिव योगेश्वर सिंह श्याम नरेंद्र स्वतंत्र अनमोल यशेंद्र ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की विजेता उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया।

# कल्याण डोम्बीवली महानगर पालिका ने अपने पालिका क्षेत्र के अंतर्गत 7 इंग्लिश मीडियम स्कूल अवैध घोषित किए

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : महाराष्ट्र के ठाणे जिला के कल्याण डोम्बीवली महानगर पालिका प्रशासन ने महानगर पालिका के अंतर्गत 7 इंग्लिश मीडियम स्कूलों को अवैध घोषित करते हुए अभिवावकों से एडमिशन न करवाने की घोषणा की है । शिक्षा विभाग के अनुसार सनवेल इंगलिश स्कूल अटाली आम्बिवली , लिटिल वंडर प्राइमरी स्कूल मांडा टिटवाला , स्माल वंडर प्राइमरी स्कूल कल्याण पश्चिम ,दी बुद्धिस्ट इंटरनेशनल स्कूल बिर्ला कॉलेज रोड , इकरा इंग्लिश मीडियम स्कूल सर्वोदय श्रीष्टि कल्याण ,स्काई एंजेल प्राइमरी स्कूल कल्याण , एपास्टालिक इंटरनेशनल स्कूल मांडा टिटवाला नामक इन सात स्कूलों का परमिशन नही हैं इसलिए इन स्कूलों में एडमिशन कराकर बच्चों के भविष्य के साथ खिड़वाड़ न करें यही घोषणा शिक्षा विभाग बार बार यहाँ से अभिवावकों से अपील कर रही हैं या कोई दिक्कत हो तो शिछा विभाग के ऑफिस से संपर्क करें।

# समाज को आइना दिखाती है निष्पक्ष और प्रामाणिक पत्रकारिता – सूर्य कुमार मिश्रा

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अयोध्या इकाई ने गोष्ठी का आयोजन किया । और आयोजन में पत्रकार और पत्रकारिता को लेकर मंथन किया गया। बर्तमान समय मे पत्रकारिता की चुनौतियों की ब्यापक चर्चा हुई। पत्रकारिता और चाटुकारिता के भेद को समझाते हुए बक्ताओ ने निष्पक्ष और सकारात्मक सोच से प्रमाणिक पत्रकारिता पर जोर दिया जो समाज को आइना दिखाने का काम करती है।शहर के सहादतगंज स्थित एक होटल में आयोजित हुई।इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम पाण्डेय रहे वहीआविशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के मंडल अध्यक्ष सुधाकर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला संयोजक अरुण पाण्डेय रहे। जिनका संबोधन संगठन के लोगो को मार्ग दर्शन के रूप में मिला। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कहा आज आवस्यकता मूल्यवान पत्रकारिता की है समाज हम पर भरोसा करता है इसलिए इसकी खबर भी भरोसेमंद होनी चाहिए। देश व समाज के विकास में हमारी लेखनी सहायक बने इसका प्रयास होना चाहिए। मंडल उपाध्यक्ष ने सकारात्मक सोच के साथ प्रामाणिक खबरों की जरूरत बताई तो जिला संयोजक अरुण पाण्डेय ने संगठन की एकता और मजबूती पर बल देते हुए कहा हर सदस्य को वर्ष में पांच सदस्य जोड़ने का प्रयास करना चाहिए संघ अपने पत्रकारों की हितों के प्रति चिंतनशील है। किसी भी उत्पीड़न पर आरपार की लड़ाई लड़ेगा। सोहावल तहसील अध्यक्ष राम सुरेश सिंह बाबा ने कहा आज पत्रकारिता कम चाटुकारिता ज्यादा हो रही है यही विवाद की जड़ बनती है इससे हमें बचना होगा। जिला अध्यक्ष सूर्य कुमार मिश्र ने निष्पक्ष पत्रकारिता की वकालत करते हुए बिस्वास दिलाया जिला इकाई पत्रकारों की पीड़ा को समझती है इनके किसी भी उत्पीड़न पर साथ खड़ी मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार देव कुमार पांडे ने किया ।संबोधन करने वालो में मंडल अध्यक्ष सुधाकर श्रीवास्तव, मिल्कीपुर अध्यक्ष ओंकार मिश्र, मिल्कीपुर महासचिव कृष्ण कुमार सिंह, शोहराब खान, पी के पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह, के के सिंह, धर्म पाल सिंह आदि शामिल रहे तो मौजूद लोगों में जिला उपाध्यक्ष राम कल्प पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष मो0 फहीम कार्यकारिणी के अमित यादव, राज नाथ पाण्डेय, बब्बू ,कासिम अली, अफरोज , उमा शंकर तिवारी, शिवा कान्त तिवारी, रामू पांडेय ,अयोध्या प्रसाद ''राना'', जिला सचिव शीतला प्रसाद पाण्डेय, गगाधरद्द सिंह, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# पत्रकारिता दिवस पर उपजा ने आयोजित की गोष्ठी

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सोमवार को यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अयोध्या की रूदौली इकाई की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया।उपजा के जिला सचिव जगदम्बा श्रीवास्तव ने आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारिता के समक्ष उत्पन्न समस्याओं व चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि पहले की पत्रकारिता और आज की पत्रकारिता में बड़ा अंतर आ गया है।पहले संसाधन नहीं थे कई कई दिन गुजर जाते थे तब खबर पढ़ने को मिलती थी।आज हमारा संगठन बहुत ही मजबूत है कहीं से कमजोर नहीं है बस सभी में एकता की आवश्यकता है।तहसील अध्यक्ष अब्दुल जब्बार एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता चुनौती भरा कार्य हो गया है।निर्धारित मापदंडों को स्थापित करते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप अपनी लेखनी का सामाजिक विकास की दिशा में सदुपयोग करना ही पत्रकारिता है।देश को आजाद कराने में हिंदी पत्रकारिता का बड़ा योगदान रहा है।आजाद भारत में वर्तमान समय में भी हिंदी पत्रकारिता की बहुत अहम भूमिका है।उन्होंने कोरोना काल में पत्रकारों के कार्यो की सराहना की।उन्होंने पत्रकारों से संगठित रहते हुए जनसमस्याओं व भ्रष्टाचार को उजागर करने पर बल दिया।अनिल कुमार पाण्डेय ने विगत दिनों उप जिलाधिकारी न्यायिक ने बदसलूकी की थी जिसका संज्ञान लेते हुए आगामी तहसील दिवस पर जिलाधिकारी को मांगपत्र देने का आह्वान किया।अलीम कशिश ने एक दूसरे की बुराई करने से बचने व एकता बनाए रखने के लिए कहा।अनिल मिश्रा साजन ने कहा हमें पत्रकारिता करनी चाहिए चाटुकारिता नहीं। मुदस्सिर हुसैन ने कहा पत्रकारिता बहुत ही गौरवान्वित पद है। हम सबको एकजुट रहना चाहिए कलम एक ऐसा हथियार है जिससे बड़ी से बड़ी जंग जीती जा सकती हैं।हम सबको एक दूसरे से सीखने का मौका मिलता है।पत्रकारिता को स्वच्छ व साफ रखनी चाहिए। हमें बुनियादी मुद्दों को उजागर करना चाहिए यही हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।इसके अलावा गोष्ठी को सतीश यादव,अम्ब्रेश यादव पप्पू,ललित कुमार गुप्ता,पवन कुमार,मोहम्मद वकास,मुनीर अंसारी,रमेश पांडे,अमरेश यादव,रियाज अन्सारी,दरवेश खान,राजेन्द्र कुमार यादव व अमरनाथ यादव आदि ने भी संबोधित किया।इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने व रूदौली में प्रेस क्लब की स्थापना की मांग की।गोष्ठी की अध्यक्षता जगदम्बा श्रीवास्तव ने व संचालन अब्दुल जब्बार एडवोकेट ने किया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।